
# केवाईसी अपडेट के नाम से ठगे रुपये कराए वापस

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** टप्पेबाजों ने किसान की क्रेडिट कार्ड केवाईसी अपडेट करने के नाम पर 75 हजार रुपये ठग लिए। साइबर सेल टीम ने पीड़ित के रुपये वापस कराए।

थाना मारकुंडी अंतर्गत गांव निवासी अनूप कुमार तिवारी ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की थी कि उससे इंडसइंड क्रेडिट कार्ड एपीके फाइल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर 75 हजार रुपये की ठगी की गई है। इस पर पुलिस कार्यालय स्थित साइबर सेल ने बैंक-मर्चेंट से समन्वय स्थापित किया और पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि वापस कराई। किसान ने धनराशि वापस पाने पर पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार की तत्परता की सराहना की और आभार पत्र दिया।

- साइबर सेल की टीम को मिली सफलता


साइबर सेल का आभार जताता किसान।

# कक्ष निरीक्षकों ने लगाया आरोप, लंच मिला न भुगतान हुआ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा में की थी ड्यूटी, बोले- सीएम से करेंगे शिकायत

**अमृत विचार।** बीते दिनों संपन्न पुलिस भर्ती परीक्षा ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों ने परीक्षा संपन्न कराने वाली एजेंसी पर पारिश्रमिक भुगतान न करने का आरोप लगाया है। परीक्षा समाप्ति के बाद आक्रोशित शिक्षकों ने चित्रकूट इंटर कालेज परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इनको वहां मौजूद अफसरों ने आश्वासन दिया। शिक्षकों का कहना था कि अगर जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वे सीएम को पत्र भेजकर शिकायत करेंगे।

गौरतलब है कि शनिवार और रविवार को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर आरक्षी नागरिक पदों के लिए सीधी भर्ती परीक्षा कराई गई। इसमें लगभग 2000 कक्ष निरीक्षक ड्यूटी पर लगाए गए थे। रविवार को जब परीक्षा समाप्त हुई और इनको पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया गया तो इनका आक्रोश फूट पड़ा।


ड्यूटी के बाद विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

सीआईसी में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी में लगे शिक्षक अनिल कुमार सिंह, मान सिंह, नितिन केशरवानी, मीनू शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, डॉ. आलोक शुक्ला, सतीश कुमार रैकवार आदि ने बताया कि सभी ने पूरी सतर्कता, कर्मठता और सजगता के साथ कर्तव्य निर्वहन किया पर एजेंसी द्वारा उपेक्षा की गई। समय से भुगतान भी नहीं किया। निर्देश पुस्तिका में लंच की व्यवस्था अंकित होने की वजह से शिक्षक सुबह भोजन करके नहीं आए और न ही लंचबॉक्स लेकर पहुंचे। कई शिक्षक मऊ, बरगढ़, राजापुर, मानिकपुर, भरतकूप और पहाड़ी आदि से आए थे। सभी ने भूखे रहकर ड्यूटी की, परीक्षा समाप्ति के बाद उन्हें पारिश्रमिक भी नहीं मिला। इसको बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शिक्षकों का कहना था कि सभी ने शासन की मंशानुरूप परीक्षा को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में कराने में सहयोग किया पर उनकी उपेक्षा की गई। बताया कि परीक्षा केंद्रों में सभी को सुबह सात बजे बुलाया गया। सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वे शाम सात बजे ही घर लौट पाए। शिक्षकों ने मांग की कि जहां जिसकी ड्यूटी रही वहां के केंद्र व्यवस्थापकों से कक्ष निरीक्षकों ने ड्यूटी का पैसा और लंच के नाम पर निर्गत धनराशि को पारिश्रमिक के साथ ही जोड़कर भुगतान करा जाए। शिक्षकों ने बताया कि प्रति ड्यूटी 300 रुपये के हिसाब से 1200 रुपये तो सिर्फ ड्यूटी का बनता है। इसके साथ ही उनको लंच का पैसा भी चाहिए। कहा कि इस आधार पर भुगतान न किया गया तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री स्तर पर करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

### लंच तक नहीं हुआ नसीब

शिक्षकों का कहना था कि इस बार उन लोगों के साथ काफी ज्यादती हुई। एजेंसी द्वारा न तो ड्यूटी का पारिश्रमिक मिला और न ही दो दिन का लंच ही नसीब हुआ। शिक्षकों का कहना है कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा परीक्षा आयोजन के संबंध में जारी निर्देश पुस्तिका के निर्देश क्रमांक 27.10 में स्पष्ट लिखा है कि ड्यूटी पर नियुक्त कार्मिकों, पुलिसकर्मियों, कक्ष निरीक्षकों के लंच पैकेट की व्यवस्था नोडल अधिकारी द्वारा की जाएगी। इसके लिए 125 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से भुगतान उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा किया जाएगा। आरोप लगाया कि इसके बाद भी किसी भी परीक्षा केंद्र में कार्मिकों को लंच की व्यवस्था नहीं कराई गई। ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों व कक्ष निरीक्षकों को भूखे ही ड्यूटी करनी पड़ी। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि लगभग पांच लाख रुपये लंच के नाम पर परीक्षा एजेंसी डकारने के फिराक में है।

# तालाब-पोखरों से अतिक्रमण तत्काल हटवाया जाए: डीएम

## बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश, बोले- अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने एक बार फिर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। डीएम ने सोमवार को कर-करेतर, राजस्व वसूली, चकबंदी कार्यों व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन तालाब-पोखरों व सरकारी जमीन पर कब्जा है, तत्काल खाली कराएं।

डीएम ने कहा कि ग्रामसभा की जमीनों पर किसी भी तरह कब्जा नहीं होना चाहिए। इस पर प्रभावी कार्रवाई करें। धारा- 67 के जो मामलों का उप जिलाधिकारी अपनी देखरेख में भी निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने विभिन्न विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की। कहा कि शासन के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। डीएम ने कहा कि अविवादित विरासत को अभियान चलाकर चिह्नित करें और मामलों को निपटाएं। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान को निर्देश दिए कि गांवों में चकबंदी समयबद्ध तरीके से कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड में माह जनवरी में रैंकिंग अच्छी रही है, इस माह भी उससे कम नहीं होनी चाहिए। बैठक में डीएम ने एडीएम वंदिता श्रीवास्तव को डीआईओएस के साथ बैठक कर उपकरणों का वितरण कराने, उप जिलाधिकारियों को डूडा विभाग के जो प्रधानमंत्री आवास शहरी की सूची है उसे तत्काल भेजने को कहा। खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि चेक गेट से पास होने वाले ओवरलोड वाहनों से धनराशि जमा कराएं और न जमा करने पर इनको ब्लैक लिस्टेड कराया जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सतीश चंद्र, डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डीके सत्संगी, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, ईओ मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बीके गौतम आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### अवैध खनन और परिवहन पर दें ध्यान

डीएम ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई को कहा। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि खनिज अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई करें।

### शत-प्रतिशत हो बिजली आरसी की वसूली

डीएम ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत- प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली को भी बढ़ावा दिया जाए। कहा कि तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व वादों में दायरे के अनुसार निस्तारण कराएं।

# अजीत हटाए गए, उपेंद्र प्रताप होंगे कर्वी कोतवाल

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** 10 फरवरी को थोक में 169 मुख्य आरक्षी और आरक्षियों के थानों में तबादले के बाद अब पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कुल 11 निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया है। कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार पांडेय को मऊ थाने की जिम्मेदारी दी है। माना जा रहा है कि उनका स्थानांतरण हाल ही में हुए सीआईसी में चार मासूमों की दुखद मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था में चूक के मद्देनजर किया गया है। अब तक पुलिस लाइन में रहे इंस्पेक्टर उपेंद्र प्रताप सिंह को कोतवाली प्रभारी बनाया गया है। भरतकूप थाने में रहे चर्चित प्रभारी सूबेदार बिंद को भी हटा दिया गया है।

जिलाधिकारी से विचार विमर्श और पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद एसपी ने ये स्थानांतरण किए हैं। अपराध निरीक्षक कर्वी आशुतोष तिवारी को सरधुआ थाने के जिम्मेदारी दी गई है। सरधुवा प्रभारी रहे एसआई जयप्रकाश उपाध्याय को जनसूचना-सीसीटीएनएस और महिला सेल प्रभारी बनाया गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार द्विवेदी को थानाध्यक्ष मऊ से प्रभारी अपराध शाखा (विवेचना) बनाया गया है। जबकि प्रभारी अपराध शाखा विनोद कुमार राय अपराध निरीक्षक थाना पहाड़ी होंगे। इंस्पेक्टर शंभूदयाल मौर्य को अपराध निरीक्षक पहाड़ी से अपराध शाखा (विवेचना) की जिम्मेदारी दी गई है। अब तक इस पद पर रहे इंस्पेक्टर निशिकांत राय प्रभारी मीडिया-साइबर सेल होंगे। एसआई अशोक सिंह को पुलिस लाइन से वाचक पुलिस अधीक्षक को बनाया गया है।

### सूबेदार बिंद को जाना पड़ा

एसपी ने आठ इंस्पेक्टर और तीन एसआई में बदलाव किया है। भरतकूप प्रभारी सूबेदार बिंद पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता भैरों प्रसाद के लिए किरकिरी बन गए थे। कुछ दिन बाद तत्कालीन एसपी वृंदा शुक्ला ने उसी थाने की जिम्मेदारी दे दी थी। तब पूर्व सांसद ने तत्कालीन एसपी पर हठधर्मिता का आरोप भी लगाया था। एसपी वृंदा शुक्ला का तबादला होने के बाद से ही माना जा रहा था कि जब भी तबादले की लिस्ट आएगी, उसमें सूबेदार बिंद का नाम जरूर होगा। सूबेदार को अपराध शाखा (विवेचना) में भेजा गया है। प्रवीण सिंह को भरतकूप थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## सार-संक्षेप


रोजगार मेले में आए युवा। अमृत विचार

### रोजगार मेला में कम्पनियों ने चुनी 82 प्रतिभाएं

**मऊ (चित्रकूट)।** विकास खंड कार्यालय परिसर में सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें पांच से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिया। 157 में 82 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आईटीआई/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जितेंद्र शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. पीपीसी शर्मा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया।


वाहन को हरी झंडी दिखाते एडीओ। अमृत विचार

### जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड ट्रस्ट की अगुवाई में स्वच्छता के लिए जागरूकता वाहन को एडीओ पंचायत कमल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कार्यक्रम में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिला परियोजना समन्वयक पवन कुमार ने बताया कि सभी राजस्व ग्रामों में जनजागरूकता किया जाएगा। जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अरुण कांत ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) शारदा प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी (कोऑपरेटिव) मनोज सिंह, ग्राम प्रधान खरसेडा लवदीप शुक्ला, ममसी बुजुर्ग रामकेश विनोद कुमार, अजीत, गौरव, कनक, अर्जुन प्रसाद, विकास आदि रहे।


जिले में जियो पार्क के लिए सर्वे करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### भू पर्यटन, ग्लोबल जियो पार्क बनने से मिलेगा रोजगार

**चित्रकूट।** क्षेत्र में भूगर्भिक विविधता और सांस्कृतिक विशिष्टता इसे वैश्विक स्तर पर ग्लोबल जियो पार्क और जियो टूरिज्म का केंद्र बना सकती है। यह बात जिला सेवायोजन अधिकारी डा. पीपीसी शर्मा ने कही। बताया कि इस संबंध में यूनेस्को जियो पार्क विशेषज्ञ डॉ. सतीश त्रिपाठी की अगुवाई में टीम ने सर्वे किया है। आशा जताई है कि इससे क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बताया कि यूनेस्को के मानदंड के अनुसार जियो पार्क में महिलाओं की 50 फीसदी भागीदारी अनिवार्य है। जिले में जियो पार्क के लिए टीम के प्रमुख और यूनेस्को जियो पार्क विशेषज्ञ डॉ. सतीश त्रिपाठी एवं सदस्य डीएसएन कालेज उन्नाव के प्रोफेसर डॉ. अनिल साहू ने सर्वेक्षण किया है। बताया कि उन्हें कामदगिरि पर्वत में बरहा के हनुमान मंदिर के निकट बुंदेलखंड ग्रेनाइट का चट्टानों के साथ संपर्क प्राप्त हुआ है, जो मध्य भारत की चट्टानों की भौगोलिक धुरी है। इसके साथ ही जिले में राम शैया मार्ग पर बेसाल्टिक ग्रेनाइट की भी उम्मीद है। हनुमान धारा, लक्ष्मण पहाड़ी, कामतानाथ मंदिर का आध्यात्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व है।

### मुख्य आरक्षी को मिला रजत पदक

**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय के सर्विलांस सेल में नियुक्त मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार कुशवाहा को पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए दिए गए प्रशंसा-चिह्न (रजत पदक) लगाकर अलंकृत किया। इस दौरान स्वाट/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे। जितेंद्र कुमार को 13 वर्ष की सेवा के दौरान अब तक 56 बार नगद पुरस्कार मिल चुका है और तीन उत्तम प्रविष्टियां दी गई हैं।


मुख्य आरक्षी को सम्मानित करते एसपी।

### अपने स्थान पर परीक्षा दिलाने वाला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस भर्ती परीक्षा में अपने स्थान पर दूसरे को परीक्षा दिलाने वाला अभ्यर्थी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पालेश्वरनाथ इंटर कालेज पहाड़ी में प्रथम पाली में अनुज कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी तरौल नारायणपुर थाना मांधाता (प्रतापगढ़) ने अपने स्थान पर रितेश पुत्र सुनील यादव निवासी माधवपुर थाना बख्तियारपुर जिला पटना (बिहार) को परीक्षा देने के लिए बैठाया था। फर्जी अभ्यर्थी की फेस स्कैनिंग में आशंका होने पर परीक्षा समाप्ति के बाद रितेश को पुलिस हिरासत में लिया गया। इस पर उसने जुर्म स्वीकार किया था। रितेश के शिनाख्त के आधार पर परीक्षा केंद्र के बाहर षडयंत्र में शामिल करन कुमार पुत्र कुशेश्वर लाल निवासी नयाटोला माधवपुर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों के पास से फर्जी पहचानपत्र बरामद हुए थे।

## एक नजर

### पूर्व विधायक को पितृशोक

चित्रकूट। मानिकपुर के पूर्व विधायक और भाजपा नेता आनंद शुक्ला के पिताजी का सोमवार को निधन हो गया। बीमारी की वजह से बीते दिनों लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूर्व विधायक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी दी। बताया कि उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दारागंज प्रयागराज में होगा।

### स्थानांतरण से लोग मायूस

**मऊ।** थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी का जिला मुख्यालय में क्राइम ब्रांच में स्थानांतरण लोगों को अखर गया। इनका कहना था कि राजेश कुमार द्विवेदी के कार्यकाल में वास्तव में सोशल पुलिसिंग नजर आई। उनके कार्य और व्यवहार से लोगों में संतुष्टि रही। कोई भी किसी भी समय संपर्क कर सकता था। बेहद मिलनसार स्वभाव के थे।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई बैठक

**चित्रकूट।** राघव प्रेक्षागार में सोमवार को एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई/एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की बैठक हुई। इसमें एसपी ने पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाल अपराध/बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करें। बाल अपचारियों की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड/अंकपत्र से अवश्य करें। बैठक में पॉक्सो एक्ट, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की जानकारी दी गई। इसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीएमओ, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय रहीं।

# जिले में 7047 करोड़ का होगा निवेश

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** चित्रकूट में 84 परियोजनाओं में 7047 करोड़ की लागत का उद्यमों में निवेश किया जाएगा। इससे 6994 युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे चरण की शुरुआत की। इस अवसर पर भजन संध्या स्थल रैन बसेरा में भी कार्यक्रम हुआ। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लखनऊ से पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से की। बताया कि 84 परियोजनाओं के तहत कृषि, पशुपालन, डेयरी, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत, सूचना, चिकित्सा-स्वास्थ्य, एमएसएमई, बागवानी, खुदाई, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विभाग के उद्यमों में रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी आदि मौजूद रहे।


पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# लोक अदालत के संबंध में बैठक

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सोमवार को बैठक हुई। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम ने की। सुशील कुमार वर्मा प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि बैठक में जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में संबंधित विभागों से अधिक से अधिक वादों को चिह्नत कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में रवींद्र कुमार श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला जज, संजय कुमार अपर जिला जज आदि रहे।

**हाल-बेहाल** सरकारी कामों में लापरवाही का सबूत है भभेंट कालोनी संपर्क मार्ग की पुलिया

# निर्माण के कुछ महीने बाद ही पुलिया ध्वस्त

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकारी कामों का भी जवाब नहीं। अक्सर इनकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगते हैं पर जिम्मेदार हैं कि चेतते नहीं। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भभेंट कालोनी संपर्क मार्ग पर बनी पुलिया निर्माण के कुछ ही समय बाद ध्वस्त हो गई।

ग्रामीण बताते हैं कि यह महत्वपूर्ण पुलिया, जो राष्ट्रीय राजमार्ग नादिन कुर्मियांन के पास मिलती है। इसका निर्माण जिला पंचायत के बजट से छह माह पहले कराया गया था। अल्प समय में ही पुलिया टूट गई है। पुलिया ध्वस्त होने से ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जिला पंचायत ने लगभग छह माह पहले ही ठेकेदार के माध्यम से इसको बनवाया था। संपर्क मार्ग के साथ पुलिया का निर्माण हुआ था। ग्रामवासियों ने बताया कि इस सड़क से गांव तथा क्षेत्र के छात्र-छात्राएं महादेव इंटर कॉलेज पढ़ने के लिए आते जाते हैं।

जाहिर है कि पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है और मानकों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई गई हैं। ग्रामीणों ने सीएम को पत्र लिखकर पुलिया निर्माण की टीसी जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।


यह हाल हो गया पुलिया का। अमृत विचार

### चारपहिया वाहनों का आवागमन ठप

गांववाले कहते हैं कि पुलिया ध्वस्त होने से चारपहिया वाहनों का आना जाना लगभग ठप है। ग्राम पंचायत भभेंट कॉलोनी के आवागमन का यह प्रमुख मार्ग है। सहालग के समय इसी मार्ग से अधिकतर आवागमन होता है।

### अफसरों को बताया, मगर नहीं हुई कोई सुनवाई

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है लेकिन आज तक पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार की न तो जांच हुई है और न उसे पुन: बनवाया गया है।

# ओवरलोडिंग से सड़कें धूल से फसलें बर्बाद

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- चांदी घाट में भी निर्धारित से ज्यादा में खनन का आरोप

**अमृत विचार।** तिरहार क्षेत्र के चांदी घाट में भी निर्धारित क्षेत्र से ज्यादा में खनन के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि ओवरलोडेड वाहनों की आवाजाही से सड़कें ध्वस्त हो रही हैं। इसके अलावा सड़कों की धूल से आसपास की फसल बर्बाद हो रही है।

नाम छिपाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत की कि सरकार द्वारा खनिज परिवहन पर कड़े निर्देश जारी किए जाने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। बताया कि चांदी बालू घाट का छह माह के लिए पट्टा दिया गया। आरोप लगाया कि ठेकेदार अपने स्वीकृत पट्टे को छोड़ कर दुबे के पुरवा व चिल्लीमल के रकबे में खनन किया जा रहा है। स्वीकृत पट्टे के तीन महीने के बाद खनन करना चाहता है। इसका विरोध करने पर ठेकेदार के गुर्गे शिकायत न करने की धमकी देते हैं। बताया गया कि ठेकेदार के साथ लगभग एक दर्जन असलहाधारी रहते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त किया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप यह भी हैं कि वहीं बालू घाट में जेसीबी व पोकलैंड से खनन कर यमुना की जलधारा परिवर्तित की जा रही है। किसानों का कहना है कि ध्वस्त सड़कों की धूल फसलों में उड़कर जाती है, जिससे रबी की फसल नष्ट हो रही है। प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की गई है।

# हादसे: तीन जिंदगियां छिनीं, जाम के साथ हंगामा

## डंपर से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत, बोलेरो गाड़ी की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बांदा



मवई गांव में हादसे के बाद बिलखते परिजन। अमृत विचार



घटना के बाद जाम में फंसे भारी वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया। घटना में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों समेत ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। तकरीबन एक घंटे तक दोनों ओर से आने वाले सैकड़ों वाहन फंसे रहे। सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। दूसरी घटना में बोलेरो की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल होमगार्ड की इलाज के दौरान एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

चिल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत के पपरेंदा गांव निवासी रामकरन (30) पुत्र सूरजपाल सोमवार की दोहपर अपने छोटे भाई राजकरन (25) के साथ बाइक से इलाज करवाने बांदा शहर आ रहा था। बाइक छोटा भाई रामकरन चला रहा था। रास्ते में मवई गांव के पास पीछे से आ रहे डंफर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक आनियंत्रित होकर गिरते बची। इससे पहले कि बाइक सवार संभल पाते डंफर ने बाइक में दोबारा जोर की टक्कर मार दिया। जिससे रामकरन बाइक से गिरकर डंफर के पिछले पहिए में जा घुसा और कुचलकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि राजकरन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर जाम लगा दिया। दोनों ओर से आने वाले सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया और शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि मृतक किसानी करके परिवार का गुजारा करता था। सीओ सदर अजय कुमार ने बताया कि डंफर को कब्जे में लेने के बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालक के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई है।

उधर, गिरवां थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी अंतिम कुमार मिश्रा (30) पुत्र कुलदीप मिश्रा अपने साथी मुन्नीलाल के साथ करतल में ढाबा खोलने के लिए गया था। शनिवार की रात वह अपने एक साथी राजकुमार (28) के साथ पैदल करतल जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। अंतिम को गंभीर चोटें आईं। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान रविवार की शाम अंतिम की मौत हो गई। अंतिम चार भाइयों में सबसे छोटा था। कई साल पहले बड़े भाई की भी मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

एक अन्य घटना में देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव निवासी रामप्रताप (56) पुत्र महावीर होमगार्ड था। इन दिनों उसकी ड्यूटी डीएम आवास में डाक में लगी हुई थी। वह एक सप्ताह पहले मोपेड से ड्यूटी करने आ रहा था, तभी देहात कोतवाली के पास सामने से आ रहे अज्ञात वह ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे इंदिरा नगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान रविवार की शाम वहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कुषमा के अलावा चार पुत्र छोड़ गया है। पत्नी काफी दिनों से मानसिक विक्षिप्त है।

### हर सड़क हादसे पर बन जाता एक स्पीड ब्रेकर

शहर कोतवाली अंतर्गत आने वाला ग्राम मवई बुजुर्ग तकरीबन एक किलोमीटर के दायरे में सड़क किनारे बसा है। यहां सड़क हादसा कोई नई बात नहीं है। इस गांव में हर साल चार-छह ऐसी घटनाएं हो जाती हैं। ग्रामीण हर बार ऐसे ही जाम लगाते हैं और मुआवजे के साथ स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग करते हैं। मौके पर पहुंचने वाली पुलिस व प्रशासन द्वारा आश्वासन देकर जाम खुलवाने के बाद घटना स्थल के इर्द-गिर्द नया स्पीड ब्रेकर भी बनवा दिया जाता है, लेकिन इस तरह से आए दिन होने वाले सड़क हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है।

### दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र घोषित लेकिन साइन बोर्ड नहीं

मवई गांव में जिस जगह दुर्घटना हुई है, वह काफी समय से दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र घोषित है। प्रशासन की ओर से कुछ स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में भी चिन्हित किया जा चुका है। मार्ग में मोड़ भी पड़ते हैं। इन सबको देखते हुए बीते वर्षों में इस मार्ग पर साइन बोर्ड और संकेतक लगाने के भी उच्च प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद इस पर अभी तक कोई काम नहीं हुआ। जब कोई सड़क हादसा हो जाता है, तभी प्रशासन सतर्क नजर आता है, बाकी दिन ट्रक और डंफर फर्राटे भरते हैं जिन पर रोक लगाने के प्रयास नहीं किए जाते।

# सीबीआई, ईडी का दुरुपयोग कर रही केंद्र सरकार: कांग्रेस



आयकर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** दिल्ली में कांग्रेस व युवा कांग्रेस के खाते फ्रीज किए जाने के विरोध में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। आयकर दफ्तर के सामने धरना देकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति के नाम आयकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की।

दिल्ली में आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस व युवा कांग्रेस के खाते फ्रीज किए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। केंद्र सरकार पर ईडी, सीबीआई समेत अन्य जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेसजन सड़कों पर उतर आए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में आयकर कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं सीबीआई, ईडी और आयकर का दुरुपयोग कर लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। नोटिसें जारी कर व्यापारियों पर दबाव बना रहा है। केंद्र सरकार की इस तानाशाही का कड़ा विरोध करेंगे। बी.लाल, आकाश दीक्षित, अखिलेश शुक्ला, केशव पाल, अफसाना बेगम, राजेश गुप्ता, अशरफ उल्ला रंपा, शिवबली सिंह, डा.केपी सेन, जितेंद्र गौरव, अमित द्विवेदी, सुखदेव गांधी, शिवाकांत मिश्रा, रेखा देवी, गेंदा प्रसाद, अशोक वर्धन कर्ण, शोएब रिजवी, सत्यप्रकाश आदि रहे।

## एक नजर

### चार लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के महेड़ गांव निवासी रोशनी (30) पत्नी अमन ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह बिसंडा थाना बड़ा गांव निवासी प्रदीप (19) पुत्र रामसिंह ने रविवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के निम्नीपार कांशीराम कालोनी निवासी लल्लू (48) पुत्र अजीत ने रविवार की रात घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मोतियारी गांव निवासी सुनीता (32) पत्नी रामप्रकाश ने सोमवार की दोपहर पति की डाट से नाराज होकर जहर खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो युवकों ने फांसी लगाई

**बांदा:** तिंदवारी कस्बा निवासी अजीज (42) पुत्र मोहम्मद ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर घुस कर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो फंदा काट कर उसे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अतर्रा थाना क्षेत्र के अनथुवा गांव निवासी दादूराम (34) पुत्र जुग्गीलाल ने सोमवार की दोपहर पारिवारिक कलह से तंग आकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जनशिक्षण संस्थान की बैठक में प्रस्ताव पर सहमति

**बांदा:** बोर्ड आफ मैनेजमेंट जन शिक्षण संस्थान की वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय बैठक अध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सचिव मोहम्मद सलीम अख्तर ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत करने के उपरांत परिचय कराया। इसके बाद अनुमति के साथ बैठक की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान श्री अख्तर द्वारा बताया गया कि आगामी 10 मई से बोर्ड आफ मैनेजमेंट का प्रथम सत्र समाप्त होने वाला है, लेकिन सरकार की मार्ग निर्देशिका के अनुसार दूसरे सत्र के लिए तीन वर्षों तक बढ़ाए जाने का अनुबंध है। बैठक में अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

## कैमरे की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**बांदा:** डीए दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर, स्टेटिक, जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक हुई। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से परीक्षा प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने और परीक्षा केन्द्रों पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों पर 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहने की बात कही।

उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को एक घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के आदेश दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा किसी भी परीक्षा केंद्र में गडबडी पाये जाने पर सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जनपद के 64 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा होगी।

## डंपर पर गिरी एचटी लाइन करंट से चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलवई गांव का मामला
- मौरंग खाली करते समय टूटा था हाईटेंशन तार

**अमृत विचार:** मोरम खाली करते समय हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर डंफर पर जा गिरा, जिससे करंट की चपेट में आकर चालक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आजमगढ़ जिला के इरनी गांव निवासी पंकज सरोज (27) पुत्र चंद्रदेव सरोज डंफर चलाता था। वह रविवार की शाम मोरम लादकर देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलबई गांव गया था। कंप्रेशर से मोरम खाली करने के बाद डंफर का कंप्रेशर डाउन कर रहा था, तभी डंपर में फंसकर नजदीक से गुजरी 11 हजार की लाइन टूट कर डंपर में छू गई। पंकज ने डंफर को पकड़ लिया। करंट की चपेट में आकर झुलस गया। इसके अलावा डंफर के चारों पहियों में आग लग गई। आसपास के लोगों ने देखा तो डंडों की सहायता से पंकज को करंट से छुड़ाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार होने से पहले पंकज ने दम तोड़ दिया। तलाशी के दौरान उसके जेब से निकले मोबाइल नबंर पर परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही घर वाले मौके पर पहुंच गए। मृतक के बड़े भाई प्रदीप ने कि पंकज तीन भाइयों में दूसरे नबंर का था। उसकी पत्नी पूनम गर्भवती है।

## गोलवलकर की जयंती मनाई गई

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)

**अमृत विचार:** कस्बे के श्रीनगर माधव सदन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने उनके आदर्श व प्रेरणा से राष्ट्र को शिखर तक पहुंचाने तथा विश्व का कल्याण करने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि गुरुजी के नाम से विख्यात सदाशिव गोलवरकर हिंदुत्व की विचारधारा को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका रही है। उनका जीवन राष्ट्रोत्थान के प्रति समर्पित रहा। वह अपने असीम ज्ञान, अध्ययन व अविचल कार्य-निष्ठा से युवाओं के प्रेरणापुंज बने। देश की एकता और अखंडता के विचार के सच्चे उपासक गुरुजी के व्यक्तित्व और कृतित्व से राष्ट्रीय चरित्र झलकता था। गुरुजी ने अपने सतत परिश्रम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया। अखण्ड राष्ट्र साधना व तपस्वी जीवन के पर्याय गुरूजी के विचार सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।



माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर को नमन करते आरएसएस कार्यकर्ता।

- स्वयंसेवकों ने राष्ट्र को शिखर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, मंडल महामंत्री धर्मवीर सिंह, अरुण सिंह पटेल, सभासद अभिलाष गुप्ता, गिरीश सिंह, विकास द्विवेदी, शिवम द्विवेदी, कृष्णा सोनी, ऋतिक द्विवेदी, सत्यवीर कुशवाहा, विनोद नामदेव, प्रशांत गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दातून तोड़ने पर हुआ संघर्ष, छह घायल

**बांदा:** दो बीघा जमीन को लेकर चल रहे विवाद में दो सगे भाइयो में घूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षो में बरछी कुल्हाड़ी चल गई। इसमें पिता पुत्र समेत छह लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर दी गई है।

कमासिन थाना के अछरील के शिवकरन का अपने भाई शिवशरण से बंटवारा हो चुका है। दो बीघा जमीन को लेकर दोनों में विवाद है। सोमवार सुबह ललित पुत्र शिवकरन खेत में नीम के पेड़ से दातून तोड़ लिया तो कमलेश गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षो में कुल्हाड़ी और बरछी चल गईं। जिसमें ललित (16)उसका पिता शिवकरन (42) मां केशा (40) व बहन शायस्ता (18), सबिता (13)और दूसरे पक्ष का कमलेश (42)घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## कृषक कृषि यंत्रों को खरीद कर उठाएं अनुदान का लाभ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- उप कृषि निदेशक ने किसानों को दी सलाह

**अमृत विचार:** 10 हजार रुपए तक अनुदान वाले कृषि यंत्रों की बुकिंग के लिए शासन द्वारा टोकन निकालने की व्यवस्था पुनरू शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत कृषि यंत्रों में एक कृषक अधिकतम दो यंत्रों के लिए टोकन अपने मोबाइल से अथवा कैफे से निकालकर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने जनपद के कृषकों से अपील की है कि वह दस हजार तक के अनुदान वाले कृषि यंत्रों के बुकिंग के लिए शासन द्वारा की गई टोकन व्यवस्था के तहत पंपसेट, हस्तचलित कटिया मशीन, पशु चलित कल्टीवेटर व हैरो, हस्तचलित स्प्रेयर, लपेटा पाइप, पावर स्प्रेयर आदि में से कोई भी कृषक अधिकतम दो यंत्रों के लिए टोकन अपने मोबाइल या कैफे से निकालकर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही टोकन निकालने के 10 दिनों के अंदर यंत्र क्रय कर बेबसाइट में जाकर बिल अपलोड करने की व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। बिल अपलोड के बाद यंत्र क्रय रसीद, सीरियल नंबर, खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि अभिलेख कृषि विभाग में जमा कर अनुदान का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उप कृषि निदेशक ने कहा है कि 28 फरवरी तक ऑनलाइन बुकिंग की जा रही है। लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से होगा।

# अधिवक्ता संघ चुनाव में अब दो-दो निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार:** अधिवक्ता संघ के चुनाव में 38 मतदाता अप्रवासी के नाम पर हटाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में आपसी टकराहट का मामला बजाय सुलटने के और उलझता जा रहा है। एक गुट 140 मतदाताओं वाली सूची के साथ 29 फरवरी को मतदान पर अड़ा है, वहीं दूसरी ओर सोमवार को आमसभा की एक दूसरे अधिवक्ता लखन मिश्रा को निर्वाचन अधिकारी घोषित कर नई तिथियों पर चुनाव कराने के निर्देश जारी किए। आम सभा ने पूर्व में घोषित चुनाव प्रक्रिया को असंवैधानिक घोषित कर पूर्व निर्वाचन अधिकारी को भी हटाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। अधिवक्ता संघ में दो-दो निर्वाचन अधिकारी घोषित होने से अधिवक्ताओं में असमंजस की है।



अधिवक्ताओं को संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता। अमृत विचार

अधिवक्ता संघ में महासचिव बृजमोहन सिंह द्वारा जारी की गई मतदाता सूची से 38 नाम हटाकर निवर्तमान महासचिव नरेंद्र शुक्ला द्वारा दी गई 140 सदस्यीय मतदाता सूची को वैध मानकर निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय द्वारा नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाने के बाद अधिवक्ताओं में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिन अधिवक्ताओं को मतदाता सूची से हटाया गया है उनमें ज्यादातर लोग नियमित व्यवसाय करते हैं, जिसको लेकर बार काउंसिल सदस्य सचिव अकज मिश्रा ने सभी सीओपी कार्ड धारक को मतदाता सूची में शामिल करते हुए पुरुषोत्तम पांडेय को चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया था, लेकिन उन्होंने सीमित मिश्रा की आदेश का अनुपालन नहीं किया। अधिवक्ताओं की मांग पर संघ की कार्यवाहक महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने सोमवार को आम सभा की बैठक अधिवक्ता सभागार में आहूत की। आमसभा ने सर्वसम्मति से पूर्व नामांकन प्रक्रिया को असंवैधानिक घोषित करते हुए निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय को हटाने का प्रस्ताव पारित किया। चुनाव प्रक्रिया को नए तरीके से लागू करने के लिए लखन मिश्रा को नया निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर चुनाव कराने की निर्देश दिए गए।

**क्या कहते हैं चेयरमैन:** बैठक में इल्डर कमेटी के चेयरमैन विनोद तिवारी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की पूर्व में कराई गई नामांकन प्रक्रिया को उन्होंने 17 फरवरी को एक माह के लिए बढ़ाया था। निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय को उनके निर्वाचन प्रक्रिया को असंवैधानिक घोषित कर पत्र भेजा जा चुका है, जिसको लेकर वह उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

### आम सभा की बैठक से वरिष्ठ सदस्यों ने बनाई दूरी

- सोमवार को अधिवक्ता संघ द्वारा आम सभा की बुलाई गई। बैठक में जहां एक और मतदाता सूची से हटाए गए 38 अधिवक्ताओं के साथ लगभग एक सैकड़ा अधिवक्ता बैठक में मौजूद रहे, वहीं कई वरिष्ठ सदस्यों व पदाधिकारियों ने बैठक में भाग नहीं लिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब आम सभा ने पहले निर्वाचन अधिकारी घोषित कर दिया है, तो दोबारा निर्वाचन अधिकारी घोषित करना या आमसभा बुलाया जाना लोगों की समझ में नहीं आ रहा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को ही इसमें स्पष्ट निर्देश देना चाहिए। वहीं नामांकन प्रक्रिया संपन्न कर चुके निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने बताया कि 20 फरवरी को नाम वापसी है। इसके बाद 29 फरवरी को मतदान होगा।

**टिप्स दिए** — मार्कोस कमांडो तेवतिया का बांदा में हुआ स्वागत, पतंजलि की योग कक्षा में साधकों को योगाभ्यास कराया

# संकल्प मजबूत हो तो कुछ भी असंभव नहीं : प्रवीण कुमार

कार्यालय संवाददाता, बांदा



छात्रों को संबोधित करते प्रवीण तेवतिया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नेवी के मार्कोस कमांडो आयरन मैन प्रवीण तेवतिया सोमवार को बांदा आए। यहां उनका भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने योग कक्षा में साधकों को दृढ़ शक्ति और संकल्प मजबूत करने का संदेश दिया। भारत स्वाभिमान न्यास उत्तर प्रदेश के राज्य प्रभारी स्वामी अभिषेक देव ने छात्रों को 'वी कैन डू इट, और आई कैन प्रूव इट' का मंत्र दिया।

प्रवीण कुमार तेवरिया ने इंदिरा नगर में पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित योग कक्षा में योग साधकों को योगाभ्यास करवाया, जिसमें योग साधकों को दृढ़ शक्ति और संकल्प मजबूत करने का संदेश दिया। प्रवीण कुमार तेवतिया का 26/11 को ताज होटल मुंबई में हुए आतंकी हमले में फेफड़ा डैमेज हो गया था। आज भी उनका एक ही फेफड़ा काम करता है। डॉक्टरों ने जीवित रहने की उम्मीद खत्म कर दी थी। अपनी इच्छा शक्ति एवं योगाभ्यास के बल पर उन्होंने महज चार साल में दक्षिण अफ्रीका में आयरन मैन का खिताब तथा मैराथन दौड़ में विजय प्राप्त की। भारत स्वाभिमान न्यास उत्तर प्रदेश के राज्य प्रभारी स्वामी अभिषेक देव ने भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं योग शिक्षकों की बैठक ली। चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिले में चल रही संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महोबा, बांदा और कर्वी में कुछ और नई योग कक्षा लगाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में भी छात्रों को मोटिवेट करने का एक कार्यक्रम हुआ। उन्होंने छात्रों को 'वी कैन डू इट, और आई कैन प्रूव इट' का मंत्र दिया। अभिषेकदेव ने भी अपने संबोधन में छात्रों को मोटिवेट करते हुए धर्म, काम और मोक्ष पर बल दिया। कहा कि भगवान ने सभी को काम के लिए 24 घंटे दिए हैं। इतने ही समय में किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी लेना है। बताया कि एक आम अधिवक्ता और एक सुप्रीम कोर्ट का जज दोनों के पास कानून की डिग्री है, लेकिन दोनों का पुरुषार्थ अलग-अलग है, मुकाम भिन्न हैं। इसलिए हमेशा पुरुषार्थ करो, यही सफलता का मूल मंत्र है। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के डायरेक्टर अंकित कुशवाहा ने राज्य कार्यकारिणी सदस्य सजल कुमार रेंडर के साथ आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामरूप एडवोकेट, योग शिक्षक बिंदु कुमार सिंह, शामले प्रसाद गुप्ता, पतंजलि योग समिति से अशोक कुमार शुक्ला, अनिल कुमार मिश्रा, नीतू सिंह, कमला, अलका, राखी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छात्रा ने सूने घर में फांसी लगा जान दी

**बांदा :** सूने घर में छात्रा ने अटारी के ऊपर छप्पर की बल्ली में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घर वाले सन्न रह गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी प्रियंका (16) पुत्री दउवा कहार गांव के ही इंटर कालेज में 11वीं में पढती थी। रविवार की शाम सूने घर में अटारी के ऊपर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे भाई अजीत ने शव लटकता देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुच गए। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भाई अजीत ने बताया कि पिता मजदूरी करने चला गया था। मां काम से पड़ोस में चली गई थी।

# विवाहिता ने मायके में फंदा लगाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नरैनी कोतवाली क्षेत्र के हजारीपुरवा का मामला
- पति की प्रताड़ना से मायके में रहती थी युवती

**अमृत विचार:** पति की प्रताड़ना से परेशान युवती ने मयाके में फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के करतल गांव निवासी गोमती उर्फ रामप्यारी (28) पत्नी राधेश्याम एक साल से अपने मायके हजारीपुरवा में रहती थी। रविवार की शाम सूने घर में गोमती ने छत के छल्ले पर रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे छोटे भाई रामफल ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भाई रामफल ने बताया कि उसकी बहन को राधेश्याम शराब पीकर प्रताड़ित करता था। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर वह अपने मायके में रह रही थी। यहां पर वह परचुन की दुकान खोले थी। इसी से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करती थी। इसी के चलते उसने आत्महत्या की। उसके दो बच्चे हैं।

## एक नजर

### गांव का नाला जाम होने से उठ रही बदबू

**पौथिया।** गांव में नाला जाम हो जाने से ग्रामीण परेशान हैं। इन दिनों सड़क किनारे बना नाला जाम है। इससे लोगों के घरों के नाबदान से निकलने वाला गंदा पानी भरा है। इसमें बीरबहादुर के घर के पास नाला जाम होने से गंदा पानी बदबू दे रहा है। मच्छरों से संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा है। ग्रामीण श्याम बाबू, स्वयं प्रकाश, धर्मेंद्र, अमित, कल्लू आदि ने नाला सफाई कराने की मांग ग्राम प्रधान से की है।


### उत्पीड़न के दो दोषियों को दो- दो वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** शहर कोतवाली के रमेड़ी मोहल्ले में 22 वर्ष पहले अनुसूचित जाति उत्पीड़न मामले में अदालत ने सोमवार को दो आरोपियों को दो दो साल की सजा सुनाई। 12 जून 2002 को रमेड़ी निवासी अनुसूचित जाति की पीड़िता ने पड़ोसी अमर सिंह व सुंदर प्रजापति के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। सोमवार को अदालत ने धमकी व एससी/एसटी एक्ट के दोनों अभियुक्तों को दो– दो वर्ष के कारावास व पांच– पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# महिला मतदाताओं का बढ़ गया अनुपात

## प्रति एक हजार पुरुषों पर अब 849 महिला मतदाता, मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बढ़े 36 हजार मतदाता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



**1455** मतदाताओं के नाम सूची में दो बार हैं

**80** वर्ष या अधिक आयु के 14 सौ मतदाता मृत मिले

**अमृत विचार।** पुनरीक्षण अभियान के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस सूची पर गौर करें तो दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल आठ लाख 31 हजार 211 मतदाता हैं। खास बात यह है कि जेंडर रेशियो में सुधार हुआ है। मतदाता सूची के अनुसार एक हजार पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष 849 महिला मतदाता हैं। फिलहाल दोनों विधानसभाओं में 36 हजार 51 मतदाता बढ़े हैं।

इस बार निर्वाचन आयोग ने जेंडर रेशियो सुधारे जाने के निर्देश दिए थे। इस पर सख्ती से अमल हुआ। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा है। इस तरह जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर कुल आठ लाख 31 हजार 211 मतदाता हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें 27 अक्तूबर 2023 से मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इसकी सूची का अंतिम प्रकाशन 23 जनवरी को किया गया। जिसमें 36 हजार मतदाता बढ़े हैं। निर्वाचन आयोग से नए जुड़े सदस्यों में से 12 हजार मतदाताओं के पहचान पत्र प्राप्त हो चुके हैं। जिन्हें डाक के जरिए मतदाताओं को भेजा जा रहा है। कुल मतदाताओं में चार लाख 49 हजार 780 पुरुष व तीन से लाख 81 हजार 423 महिला से मतदाता हैं। मतदाता पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने के बाद परिवर्धन के लिए कुल 36051 आवेदन मिले। वहीं नाम हटाने के लिए 17,754 महिला मतदाता व 8,553 पुरुष आवेदन प्राप्त हुए। नाम संशोधन के लिए 2,980 आवेदनों में सदर के 1600 व राठ के 1380 हैं। 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के सत्यापन में मृतक 1400 से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए। वहीं दो स्थानों पर नाम वाले 1455 मतदाताओं को नोटिस दिया गया है। सदर क्षेत्र के 637 व राठ के 818 मतदाता हैं। सर्वे के बाद एक स्थान से नाम हटाया जाएगा।

**जिले में विधानसभावार मतदाता**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| हमीरपुर सदर | 229948 | 193752 | 5 | 423705 |
| राठ | 219832 | 187671 | 3 | 407506 |

जिले में 8,31, 211 मतदाता हैं। नए 36 हजार मतदाताओं में 12,424 के पहचान पत्र आए हैं। तहसीलों के माध्यम से स्पीड पोस्ट के जरिए पहचान पत्र भेजे जा रहे हैं। कुल 36 हजार मतदाता पहचान पत्र का वितरण कराया जाना है। मतदाता सूची के अनुसार एक हजार पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष 849 महिला मतदाता हैं।

–एसके शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी

### 50 अपराधियों पर लगेगा गुंडा एक्ट

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महकमा अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में जुट गया है। सभी थानों से मांगी गई रिपोर्ट में 50 अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत पाबंद करने की कवायद जल रही है। थानेदारों ने गुंडा एक्ट लगाने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है। उच्चधिकारियों की अनुमति के बाद इनके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के सभी थानों से करीब 50 लोगों को चिन्हित करके गुंडा एक्ट लगाने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। उच्च अधिकारियों की अनुमति के बाद गुंडा एक्ट की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उधर पुलिस महकमा उन लोगों को भी चिन्हित कर रहा है। लोकसभा चुनाव 2019 तथा विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान झगड़ा फसाद किया है। ऐसे लोगों को पुलिस चिन्हित कर रही है।



डग्गामार ऑटो को सीज करते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

## दो दर्जन डग्गामार वाहन किए सीज

**हमीरपुर।** अवैध डग्गामार वाहनों के खिलाफ सोमवार को यातायात प्रभारी ने मुख्यालय से लेकर सुमेरपुर कस्बे तक सघन अभियान चलाया। जिसमें 22 आटो, एक क्रूजर, एक ओमनी कार को सीज कर दिया। इस अभियान से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

सोमवार को यातायात प्रभारी हरवेन्द्र सिंह ने मुख्यालय से लेकर सुमेरपुर कस्बे तक डग्गामार वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने बताया कि मुख्यालय में 12 आटो तथा सुमेरपुर में 10 आटो, एक क्रूजर, एक ओमनी को सीज करके फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी में खड़ा कराया है। उन्होंने बताया कि अवैध ढंग से संचालित डग्गामार वाहनों के खिलाफ उनका यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। किसी भी दशा में अवैध डग्गामार वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। यातायात प्रभारी के इस कार्यवाही से वाहन चालकों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। तमाम चालक कार्यवाही से बचने की गरज से वाहन लेकर घरों को लौट गए।

# उच्चाधिकारियों की कड़ी फटकार के बाद बैकफुट पर आए अफसर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)



निर्माणाधीन सीसी सड़क में फिर से डाली गई बंधी। अमृत विचार

- नगर पंचायत ने तोड़ी गई बंधी की मरम्मत कराकर ज्यों का त्यों कराया

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के अधिकारियों की फटकार के बाद बैकफुट पर आए नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने आनन फानन में ठेकेदार से तोड़ी गई बंधी की मरम्मत कराकर ज्यों की त्यों कराया। अब पूर्व की भांति रास्ता बंद रहेगा।

विगत दिनों स्टेशन मार्ग पर नगर पंचायत ने सिंचाई विभाग महोबा की बंधी तोड़कर नाली का निर्माण कराकर रास्ता बना दिया था। जबकि उच्च न्यायालय पूर्व में ही बंधी से अतिक्रमण हटाने का आदेश प्रशासन को पारित कर चुका था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशित होने के बाद सक्रिय हुए सिंचाई विभाग ने मौका मुआयना करके नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि बिना अनुमति के बंधी तोड़ देना कहां तक उचित है। नगर पंचायत ने तोड़ी गई बंधी को पुनः उसी हालत में बनाकर रास्ते को बंद कर दिया है। अब पूर्व की भांति यह रास्ता बंधी के अंदर आकर ही खत्म हो जाएगा। सिंचाई विभाग के सींचपाल प्रेम बाबू ने बताया कि नगर पंचायत ने विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बंधी को पुनः बना दिया है और भविष्य में बगैर अनुमति के तोड़े न जाने का आश्वासन भी दिया है।

# कौमी एकता फाउंडेशन ने तीन पीड़ितों को दिलाया रक्त

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के सहयोग से तीन पीड़ितों को जिला अस्पताल में रक्त दिलाकर जीवनदान दिया गया। फतेहपुर के चांदपुर निवासी 25 वर्षीय पूजा यादव को चौरादेवी निवासी समीर सिद्दीकी ने बी पॉजिटिव रक्त दिया। फाउंडेशन के संस्थापक जिरगाम सिद्दीकी ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले दिनों लगाए गए रक्तदान शिविर में एकत्र ब्लड को 26 वर्षीय अश्वनी देवी निवासी पुराना जमुना घाट को ब्लड दिलाया गया। इसी तरह संस्था के सहयोग से तीसरा यूनिट ब्लड 30 वर्षीय माधवी देवी पति सुखबीर सिंह को ओ पॉजिटिव ब्लड देकर जीवनदान दिया। मो. तौसीफ, मोहित चौरसिया, अकील अहमद, शहजाद खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्तदाता नायक समीर सिद्दीकी की बेटियों हिबा सिद्दीकी, हिफजा सिद्दीकी ने भी अपने जीवन में बड़े होकर रक्तदान करने की शपथ ली।




जिला अस्पताल में रक्तदान करते समीर सिद्दीकी। अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सफाईकर्मी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार भारती की अगुवाई में सोमवार को ऑनलाइन हाजिरी से मुक्त किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री से संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली एवं पदोन्नति करने की मांग, मृतक के आश्रितों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी दिए जाने आदि की मांग शामिल है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी फील्ड में जाकर बीएलओ में मतदाता पुनरीक्षक का कार्य कर रहे हैं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के समय सफाई कर्मचारियों से टोली बनाकर उनके तैनाती ग्रामों से अन्य ग्राम पंचायत में सफाई कार्य के लिए जाना पड़ता है, भ्रमण कर गौवंश (सांड) पकडना एवं गौशालाओं में रहकर गोबर उठाने की ड्यूटी भी सफाईकर्मियों से ली जाती है। मेलों में एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ड्यूटी लगायी जाती है। ईवीएम मशीनों की साफ-सफाई मेंटीनेंस आदि का कार्य टीम बनाकर लगातार तीन-तीन माह लिया जाता है। सफाईकर्मी का अपने तैनाती ग्राम पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति लगाना संभव नहीं है। कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सेवा में आये 15 वर्ष हो गये, लेकिन विभागीय सेवा नियमावली अभी तक नहीं है। पंचायती राज विभाग में सचिव संवर्ग, एडीओ संवर्ग डीपीआरओ संवर्ग में पदोन्नति की व्यवस्था है। लेकिन पंचायती राज विभाग के अधीन सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गयी है। ग्रामीण सफाई कर्मी की मृत्यु होने पर मृतक आश्रित को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाये। पुरानी पेंशन बहाल की जाये। महामंत्री धर्मेंद्र कुमार, मनीराम पासवान, चंद्रपाल, प्रमोद कुमार सहित अन्य संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन देने जाते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### सात मार्च को बटुक धारण करेंगे जनेऊ

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज की अनुकंपा से गुरुकुल की प्राचीन परंपरा का पालन करते हुए कस्बे में संचालित श्री सरस्वती संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार सात मार्च को होगा। तपोभूमि में यज्ञवेदी में पं.माधव नारायण शास्त्री के निर्देशन में यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा। संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पं.बलदेव प्रसाद शास्त्री व स्वागताध्यक्ष शास्त्री उमादत्त शुक्ला ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार में सम्मिलित होने वाले बच्चों के परिजन उन्हें ससमय श्री गायत्री तपोभूमि यज्ञवेदी में पहुंचाने का कार्य करने के साथ यज्ञोपवीत के पूर्व कार्यक्रमों को अपने गांव घर से करना सुनिश्चित कर लें।

# रघुनंदन सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का मंत्रोच्चार से किया भूमि पूजन

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)



विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन करते। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नरायनपुर गांव के निकट सर रघुनंदन सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का भूमि पूजन किया गया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष सिंह गौतम ने भूमि पूजन के बाद कहा कि यह संस्था बच्चों में बुद्धि विकास के साथ हृदय का भी विकास करेगी। ताकि बच्चों में अपने कर्तव्यों के प्रति बोध हो। जिला मुख्यालय में रघुनंदन सिंह आईटीआई संचालित करने वाली संस्था की मैनेजर प्रियंका सिंह व डा.अवधेश कुमार सिंह ने नरायनपुर के निकट सर रघुनंदन सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का भूमि पूजन शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर किया।

मुख्य अतिथि दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार भी देगा। सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने विद्यालय के भूमि पूजन पर खुशी जताते हुए हाईवे से स्कूल तक 300 मीटर सीसी रोड बनवाने की घोषणा उन्होंने की। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि यह विद्यालय बुंदेलखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के जिला संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, सहसंयोजक सचिन सेंगर, मनु सिंह चौहान, लोकसभा प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मुनीर खान, जान्हवी, रविराज बुंदेला, शिवेंद्र सिंह आदि रहे।

# लिफ्ट कैनाल की मरम्मत, सिंचाई के पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मेरापुर लिफ्ट कैनाल का निरीक्षण करते सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

- किसान की शिकायत पर विधायक मेरापुर लिफ्ट कैनाल पहुंचे
- अधिशासी अभियंता को पहले फसलों के लिए पानी छोड़ने को निर्देशित किया

**अमृत विचार।** लघु डाल नहर की कई लिफ्ट कैनाल में सिंचाई के पीक सीजन में मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई का पानी नहीं मिलने से परेशान किसानों की शिकायत पर सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने मेरापुर पंप कैनाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता को मौके पर बुलाकर सिंचाई के लिए पानी छोड़ने को कहा।

जिले में बेतवा व यमुना नदियों पर लघु डाल नहर की 10 लिफ्ट कैनाल संचालित हैं। इन कैनालों में ज्यादातर के उपकरण व नहरें जर्जर हैं। इसको लेकर शासन ने विभाग को 231.88 लाख रुपये की सौगात दी है। जिन्हें 15 दिन से एक माह के अंदर पूरा किया जाना है। सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने बताया कि पत्योरा पंप कैनाल सहित बैजेमऊ, सहजना, सहुरापुर, छानी में 4285 मीटर नई एल्यूमीनियम कंडक्टर केबल बदली जाएगी। वहीं सहजना व सहुरापुर में तीन गेट बनेंगे। जबकि बैजेमऊ में एक स्टाफ क्वार्टर बनाया जाना है। जिसमें 149.76 लाख खर्च होंगी। बताया शहर की मेरापुर, रमेड़ी, सहजना, सुरौलीखुर्द पंप कैनाल में कंट्रोल पैनल, पाइप, बोल्डर पिचन, गेट, केबल आदि कार्य कराए जाएंगे। जो हर हाल में 15 मार्च तक पूरे किए जाने हैं।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पहले बजट खर्च करने के चक्कर में किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। यह भी बताया मेरापुर लिफ्ट कैनाल में 84 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य शुरू कराए गए हैं। किसानों की शिकायत सोमवार को मेरापुर लिफ्ट कैनाल गए तो नहरें सूखी मिलीं। उन्होंने विभाग के अधिशासी अभियंता जगन्नाथ प्रसाद को मौके पर बुलाकर किसानों को पहले सिंचाई का पानी छोड़ने को निर्देशित किया है।

**लगाया कैंप** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा किया गया जीएसटी कैंप का आयोजन

# जीएसटी पंजीयन करा योजनाओं का लें लाभ

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)




जीएसटी कैंप में मौजूद अधिकारी व व्यापारी। अमृत विचार

- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी कैंप का आयोजन किया गया

**अमृत विचार।** कस्बे में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया और मौके पर मौजूद जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को जीएसटी से हो रही परेशानियों को सुना और उन्हें दूर करने का भी आश्वासन दिया।

कस्बा स्थित कालका देवी मंदिर के प्रांगण में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी एवं श्रम विभाग का कैंप लगाया गया। इसमें जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण प्रकाश डीसी ने मौजूद व्यापारियों को कैसे जीएसटी में पंजीयन करना है और जीएसटी व्यापारियों को क्यों अनिवार्य है। इसके बारे में विधिवत जानकारी दी। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि जीएसटी में पंजीयन करने से हर व्यापारी का 10 लाख रुपये का निःशुल्क बीमा होता है। इस मौके पर मौजूद जीएसटी विभाग के एसी अविनाश ने अपने संबोधन ने कहा कि जीएसटी पंजीकरण बहुत ही सरल प्रक्रिया है आप अपने मोबाइल या लैपटॉप से स्वयं भी कर सकते हैं। यदि कहीं कोई परेशानी जीएसटी पंजीयन में या संबंधित कोई परेशानी हो तो उनसे संपर्क स्थापित कर दूर करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा व्यापारियों को तमाम प्रकार की छूट भी दी जाती है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में जीएसटी में पंजीकरण कराएं। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने व्यापारियों से सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को जीएसटी में पंजीयन कराने की अपील की। इस मौके पर वाणिज्य कर अधिकारी रामचरण, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री कामेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री सुनील अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र, जिला संयोजक प्रशांत गुप्ता, नगर अध्यक्ष पवन शिवहरे, भाजपा जिला मंत्री कुबेर राजपूत, उमेश अग्रवाल, गया प्रसाद गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा नेता श्लोक अग्रवाल ने किया।

# फसल खराब होने पर किसान की हार्ट अटैक से हुई मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिजन बोले-नष्ट हुई फसल को देखकर खेत में आया अटैक

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सैना गांव में 62 वर्षीय एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। वहीं मृतक के इकलौते पुत्र का कहना है कि उसके पिता खेत में फसल को देखने गए थे। जहां खेत में नष्ट हो चुकी फसल को देख अटैक आ गया। बताया उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसके पिता की नाजुक हालत को देख झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज से भी उनके पिता को ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्वालियर में इलाज दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सैना गांव के निवासी किसान रामनिहोर पुत्र तुलसीराम की बीमारी के चलते ग्वालियर में मौत हो गई। वहीं मृतक के इकलौते पुत्र केशव प्रसाद ने बताया कि उसके पिता 16 फरवरी को अपने खेतों में मटर की फसल को देखने के लिए गए थे। बताया खेतों में पहुंचे तो नष्ट हो चुकी फसल को देखकर उन्हें अटैक पड़ गया। मृतक किसान के पौत्र अमित कुमार ने बताया दादा रामनिहोर के पास एक एकड़ चार डेसीमल जमीन थी। जिसमें खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण होता था। बताया कि इस वर्ष मटर की फसल बोई है। बताया फसल नष्ट होने पर उन्हें अटैक आया। हालत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**राठ।** कस्बे के सैना नहर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के लींगा गांव निवासी ब्रजेंद्र सिंह साथी किशन सिंह के साथ बाइक से कस्बा राठ आ रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया।

### किसान दिवस का आयोजन 21 को

**हमीरपुर।** उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि 21 फरवरी को किसान दिवस कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा में आयोजित किया जाएगा। खेती किसानी से संबंधित किसी भी समस्या के लिए किसान प्रतिभाग कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 1562 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 27/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामश्री पत्नी रामकिशोर गुप्ता | श्री पंकज कुमार पुत्र रामगोपाल सोनी | बुधौलियाना –1 | 16 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर**

# बाइक सवार को बचाने में पलटी कार, पांच घायल

## घायलों को गंभीर हालत में पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता महोबा

- दूल्हा-दुल्हन को लेकर जा रहे थे पूजा करने, गंभीर घायल

**अमृत विचार।** चरखारी खरेला मार्ग में ग्राम रिवाई के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार दूल्हा-दुल्हन सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां पर भी हालत में सुधार न होने पर दूल्हा व दुल्हन को डाक्टरों ने झांसी रेफर कर दिया।




जनपद हमीरपुर के कोतवाली राठ क्षेत्र के ग्राम जखेरी निवासी फूल सिंह 60, अपने बेटे अमित की शादी के बाद दूल्हा दुल्हन को मंदिर में पूजा करवाने के लिये कार से जा रहा थे। चरखारी खरेला मार्ग में रिवई गांव के करीब एक बाइक सवार कार के सामने आ गया तो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक संतुलन खो बैठा और कार कुछ कदम आगे जाकर खाई में पलट गई। कार पलटते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग और खेतों में काम कर रहे किसानों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को कार से बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी चरखारी भेजा। बाद में उन्हें जिला अस्पताल महोबा भेज दिया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है घायलों में दूल्हा अमित 30 दुल्हन रागिनी 28 दूल्हे का पिता फूल सिंह, दूल्हे की भाभी प्रियंका, व मुन्ना सहित पांच लोग घायलों में शामिल हैं।

घटना के बाद कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिला अस्पताल में भी दूल्हा व दुल्हन की हालत में सुधार न होने पर को डाक्टरों ने दोनों को झांसी रेफर कर दिया।

# पुलिस ने दो लोगों को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में पुलिस द्वारा अवैध शराब व मादक पदार्थ के अवैध करोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना कुलपहाड़ और कोतवाली चरखारी पुलिस ने अलग अलग स्थानों को दो लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र द्वारा उपनिरीक्षक मान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को गठित किया गया था, जो थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरौलकला के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी चतुर सिंह (30) कालीचरन निवासी पसौरा थाना गरौठा झांसी पुलिस को देखकर भागने लगा, तभी पुलिस कर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और तलाशी लेने पर



उसके पास से अवैध देशी शरराब के 35 क्वार्टर बरामद किए गए। इसी प्रकार कोतवाली चरखारी प्रभारी निरीक्षक गणेश कुमार ने उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक अर्पित गुप्ता के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने जयसिंह राजपूत (45) पुत्र घनश्याम राजपूत निवासी ग्राम करहराखुर्द को ग्राम के पास से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब समेत गिफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया हैं।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम

संवाददाता, बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला दरेरापुरा में एक युवक ने अपने घर में रस्सी का फंदा अपने गले डालकर फांसी लगाकर जान दे दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह उसका भतीजा जब कमरे गया तो उसका शव फांसी के फंदे पर झूलता देख चिल्लाने लगा। शोरगुल सुनकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बा बेलाताल के मोहल्ला दरेरापुरा निवासी दुर्गा (32) पुत्र नाथूराम अपने कमरे में जाकर बांस के डंडे में रस्सी डालकर फांसी पर झूल गया। कई घंटे तक इसकी परिजनों को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब भतीजा जागा तो कुछ सामान लेने के लिए कमरे में गया,


मृतक के घर में पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

वहां पर चाचा को फांसी पर लटका देख चीखने चिल्लाने लगा। घर के लोग भी पहुंचकर रोने पीटने लगे। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के दूसरे भतीजे अजय ने बताया कि रात में चाचा अपने कमरे में सो रहे थे और परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे जब आंख खुली तो कमरे में विजय बर्तन रखने गया, जहां पर चाचा का शव फांसी पर लटक रहा था। भतीजे ने पुलिस चौकी में दी गई तहरीर में बताया कि परिवार के सभी सदस्य दिल्ली में मेहनत मजदूरी करते हैं और तीन दिन पहले ही चाचा दिल्ली से बेलाताल लौटे थे। उसने बताया कि चाचा शराब के भी लती थे।

# कोडीनयुक्त कफ सीरप की सूचना हर सप्ताह देने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।**औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों को प्रदेश के बाहर से क्रय किए जा रहे कोडीन युक्त कफ सीरप की सूचना संबन्धित फर्म और व्यक्ति द्वारा कार्यालय को प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

औषधि निरीक्षक अशुतोष कुमार चौबे ने बताया कि विक्रेता द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिस फर्म को यह कोडीनयुक्त कफ सीरप का विक्रय कर रहा है। वह भौतिक रूप से अस्तित्व में है और फर्म संचालित हो रही है। यदि जांच में यह पाया जाता है किसी विक्रेता द्वारा ऐसी फर्म को कोडीनयुक्त कफ सीरप की बिक्री की गई है जो भौतिक रूप से अस्तित्व में नहीं है, अथवा नियमित रूप से संचालित नहीं की जा रही है, तो विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई के साथ साथ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अनियम 1940 की धाराओं के अंतर्गत अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने सभी को निर्देशित करते हुए आदेशों का पालन करने को कहा। आदेश का अनुपालन न किए जाने का प्रकरण इस कार्यालय में होने पर औषधि अनुज्ञप्ति निरस्त कर विधिनुसार अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालयों के लिए धनराशि जारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जल्द ही 8 जूनियर हाईस्कूल और 22 प्राथमिक विद्यालयों की तैयार होंगी नई इमारतें

**अमृत विचार।** जिले के जर्जर विद्यालयों के दिन जल्द ही बहुरने वाले हैं, कारण शासन ने जिले के जर्जर हो चुके आठ जूनियर और 22 प्राइमरी स्कूलों के निर्माण कराए जाने के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी है, जिससे अब बच्चों को खुले आसमान और पेड़ों के नीचे बैठकर शिक्षण कार्य नहीं करना पड़ेगा। जर्जर विद्यालयों के बच्चे भी अब नई इमारतों में बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने 31 मार्च तक विद्यालयों का निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि जिले के आठ जूनियर हाईस्कूल और 22 प्राइमरी स्कूल की इमारतें जर्जर हो जाने के कारण बच्चे गर्मी और लू लपट के बीच और पेड़ों के नीचे बैठकर शिक्षण ग्रहण करते हैं, इससे बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को भी धूप और लू में असुविधा होती थी, लेकिन स्कूल की इमारत जर्जर होने के कारण विभाग द्वारा इमारतों को जमींदोज कर दिया था, जिससे किसी भी तरह घटना न घट सके। अब शासन ने जिले के सभी जर्जर 30 जूनियर और प्राथमिक स्कूलों की धनराशि अवमुक्त कर दी है, जिससे जल्द ही नई इमारते बनने के आसार बढ़ गए हैं।

मालूम हो कि विकासखंड कबरई, जैतपुर और पनवाड़ी विकासखंड के जर्जर विद्यालयों की जांच कराने के बाद पूरी तरह से खंडहर हो चुकी इमारतों को गिरा दिया गया था, जिसके चलते कई सालों से बच्चे खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर थे। बच्चों को खुले मैदान और धूप में पढ़ता देख अभिभावकों में भी खासा आक्रोश था। अभिभावकों ने भी कई बार बच्चों को छाया में बैठाकर शिक्षण कार्य कराने की बात कही, लेकिन शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त न किए जाने से बच्चों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब विद्यालयों के निर्माण के लिए धनराशि आ जाने से बच्चों के साथ साथ अभिभावक भी खुश हैं।

# पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पनवाड़ी पुलिस को मिली सफलता

**अमृत विचार।** जिले में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली और थाना पनवाड़ी पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ा है।

शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह द्वारा अपराध निरीक्षक गोपालचंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने शहर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा अभियुक्त सलीम (63) पुत्र वजीर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार पनवाड़ी थानाध्यक्ष अवधेश मिश्र द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार वर्मा, कांस्टेबल राहुल कुमार यादव, गौरव सविता ने चेकिंग अभियान द्वारा वांछित अभियुक्त कुंवरलाल (38) पुत्र हरनारायण यादव निवासी सिलालपुरा पनवाड़ी को गौनगुढ़ा तालाब के पास से पकड़ा है। अभियुक्त के खिलाफ थाना पनवाड़ी में मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें वह वांछित चल रहा था। सभी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

# शादी वाले घर के बाहर से बाइक चोरी

**कुलपहाड़।** टीकमगढ़ से एक ग्रामीण थाना अजनर मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदारों के यहां एक शादी समारोह आया हुआ था। ग्रामीण ने अपनी बाइक खड़ी कर शादी में शामिल होने चला गया तभी बाइक चोरी हो गई।

मुकेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम बराना जिला टीकमगढ़ मप्र. ने अजनर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से ग्राम महोबकंठ अजनर आया था। बताया कि उसने बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी । रात में बाइक को घर के अंदर खड़ी करने के लिए बाहर गया तो देखा कि उसकी बाइक गायब है।

# वसूली कम होने पर भड़के मुख्य अभियंता

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- राजस्व वसूली खराब पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता को दिया कारण बताओ नोटिस
- विद्युत वितरण खंड महोबा में 10.77 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 1.80 की हुई वसूली

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने बांदा क्षेत्र और महोबा जनपद का राजस्व तथा तकनीकी कार्यों की समीक्षा के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान प्राप्त प्रगति पर असंतोष जताते हुए अधिक से अधिक बकाया बिलों की वसूली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आकड़ों के मुताबिक बताया कि वसूली पर्याप्त नहीं कराई गई, ज्यादा बकाया वसूली कराने के लिए टीमों को गठित कर वसूली का कार्य लिया जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत वितरण खंड महोबा में 10.77 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 1.80 करोड़ रुपये की वसूली की गई। इसी तरह विद्युत वितरण खंड द्वितीय महोबा में 17.80 करोड़ वसूली के सापेक्ष 2.10 रुपये की मात्र वसूली पाई गई, जो लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम है। मुख्य अभियंता ने वसूली में सक्रियता न दिखाए जाने पर नाराजगी जाहिर की साथ ही सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं को इस कार्य को अंजाम देने के लिए रुचि लेकर जुटने के निर्देश दिए। साथ ही


बैठक में निर्देश देते मुख्य अभियंता। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सरकार शासन की मंशा के अनुसार ज्यादा से ज्यादा राजस्व वसूली की जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा पैसा सरकार व विभाग के पास आ सके। अन्यथा कि स्थिति में दंड भुगतने के लिये तैयार रहें और ज्यादा से ज्यादा बकाया बिलों को जमा करायें।

समीक्षा बैठक में अवर अभियंता अशोक कुमार वर्मा चरखारी, अवर अभियंता ईश्वर सिंह पनवाड़ी, अवर अभियंता अनीस अली महोबकंठ, अपर अभियंता रामकरन विद्युत प्रशिक्षणशाला महोबा, नवीन सिंह उपखण्ड अधिकारी कबरई, पीयूष कुमार कुशवाहा सहित तमाम सहायक अभियंता और अवर अभियंताओं को राजस्व वसूली कम पाए जाने, विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता और लापरवाही के लिए चार्जशीट दिए जाने की बात कही।

इस मौके पर अधिशाषी अभियंता द्वितीय और अधीक्षण अभियंता आरएस गौतम को खराब राजस्व वसूली पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उधर तीन दिन तक चलाए गए अभियान में तमाम कनेक्शन काटे गए और कई जोड़े भी गए।

# प्रधानमंत्री ने लखनऊ से जीबीसी का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 68 परियोजनाओं से 1560 करोड़ का हुआ निवेश
- 1894 लोगों को जनपद महोबा में रोजगार मिलेगा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 का उद्घाटन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से किया गया। इस अवसर पर जनपद महोबा में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष हमीरपुर/महोबा चक्रपाणी त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष महोबा संतोष चौरसिया की उपस्थिति में आज वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महोबा में सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

मालूम हो कि प्राप्त निवेशों की चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी समारोह में पूरे उत्तर प्रदेश के 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की 14 हजार परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया । इसी क्रम में जनपद महोबा में 68 जीबीसी परियोजनाओं से 1560 करोड़ की लागत से 1894 लोगों को जनपद महोबा में रोजगार मिलेगा। जिसमे कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, डेयरी विभाग, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत, सूचना विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, बागवानी, खुदाई, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विभाग द्वारा रोजगार प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला पूर्ती अधिकारी श्री राजीव तिवारी, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र श्री महेश चंद्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर सहित अन्य अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न उद्यमी व्यापारी एवं आम लोग रहे।

# टप्पेबाज ने कार से पार किया पैसों से भरा बैग

**महोबा।** शहर के व्यस्ततम चौराहा परमानंद के नजदीक राघव होटल के बाहर टप्पेबाज ने एक युवक का बैग पार कर दिया, और रफूचक्कर हो गया, जब तक होटल के नीचे दूसरा सामान लेकर आया तब तक उसका बैग गायब था बैग में 35000 रुपये एक लैपटॉप, मोबाइल व अन्य दस्तावेज रखे हुए थे पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

भोपाल के करार हिल्स निवासी विवेक शर्मा दो दिन पहले महोबा में एक रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने के लिए आया था। रविवार की रात को शादी समारोह से निपटने के बाद सोमवार को दिन में करीब 12:00 बजे वह राघव होटल खाली करके ऊपर से सामान लाकर नीचे खड़ी कार में रख रहा था उसने कार में बैग रखा और अन्य सामान लेने के लिए होटल के अंदर चला गया तभी पहले से घात लगाए बैठे टप्पेबाज ने उसकी कार का दरवाजा खोला और उसका बैग पार करके ले गए। बैग में युवक के दस्तावेज और पैसे भी रखे हुए थे। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है

# किसानों ने की खराब फसल का मुआवजा दिलाने की मांग

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** मौसम की मार के चलते किसानों की चने की फसल बर्बाद हो गई, इससे किसान खासा परेशान हैं। किसानों ने बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग अधिकारियों से की है। एक किसान ने बताया कि फसल का बीमा कराया था, जिसका प्रीमियम भी जमा किया था, अब किसान की चने की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। किसान ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

तहसील कुलपहाड़ के ग्राम सुगिरा निवासी आदर्श तिवारी ने अपने तीन बीघा खेत में चने की फसल बोई थी, जो अधिक सर्दी और पाला के चलते बर्बाद हो गई। फसल नष्ट हो जाने से किसान के परिवार के सामाने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। किसान ने लेखपाल को बर्बाद फसल की जानकारी देते हुए बताया कि फसल पकने से पहले ही पूरी तरह से सूख चुकी है। कहा कि इसी फसल से वह पूरी साल परिवार का भरण पोषण करना है।

किसान ने अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि इस साल


खेत में बर्बाद पड़ी चने की फसल।

खेत में पानी लगाकर चना फसल की बुवाई की थी, जिससे फसल भी अच्छी थी, लेकिन एक माह तक कोहरा पड़ने और इसके बाद एकाएक तेज धूप निकलने से फसल में दाना पड़ने से पहले ही सूख गई है। इससे अब उसका परिवार दो जून की रोटी के लिए परेशान हैं। किसान ने बताया कि फसल बीमा कराया गया था, लेकिन कोई भी फसल बीमा से संबन्धित कर्मचारी खराब फसल को देखने तक नहीं आया। किसान ने बताया कि कुछ दूसरे किसानों की भी इसी तरह फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने प्रार्थना पत्र देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

समस्या | कई –कई दिन तक चक्कर काटने के बाद भी कार्डधारकों को नहीं मिलती राशन सामग्री

# पॉस मशीन राशनकार्ड धारकों के लिए बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पूर्ति विभाग द्वारा कोटेदारों को दी गई, पॉस मशीनों में अंगूठा न लेने के कारण राशनकार्ड धारकों को घंटों कोटे की दुकान में राशन सामग्री लेने के लिए खड़ा रहना पड़ता है। इतना ही नहीं वितरण और तौल मशीन को आपस में कनेक्ट कर दिए जाने से भी उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मशीनों के काफी देर बाद अंगूठा शो करने पर ही कार्डधारकों को राशन सामग्री वितरित की जाती है। इस आपाधापी के चलते राशन की दुकानों में भारी भीड़ जुट रही है। राशन सामग्री पाने के लिए अब उपभोक्ताओं को कई कई बार राशन दुकान के चक्कर लगाने के बाद सामग्री मिल पाती है।

गौरतलब है कि पूर्व में कार्डधारकों की जरूरत के अनुसार उन्हें गेहूं और चावल दे दिया जाता था, लेकिन अब कोटेदार चाह कर भी ऐसा नहीं कर सकेंगे। एक यूनिट पर तीन किग्रा.चार और दो किग्रा.गेहूं दिए जाने का प्रावधान है, इसी के मुताबिक ही कार्डधारकों को राशन सामग्री वितरित की जाएगी। इतना ही नहीं कार्डधारक अब चावल कम और गेहूं अधिक नहीं ले सकेंगे, इससे कार्ड धारकों में असंतोष बढ़ रहा है। वहीं कोटेदार भी अंगूठा कई कई बार राशन उपभोक्ताओं का लगवाकर खासा परेशान है।


राशन सामग्री लेने के लिए राशनकार्ड धारकों की लगी भीड़। अमृत विचार

राशनकार्ड धारकों ने बताया कि पांच यूनिट वाले उपभोक्ता को पहले 15 किग्रा. चावल तौल कर दिया जाएगा और इसके बाद तत्काल दस किग्रा गेहूं तौलकर वितरित किया जाएगा। इसमें हीला हवाली या देर करने पर फिर मशीन काम करना बंद कर देगी, जिससे उसे गेहूं पाने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

इस व्यवस्था के चलते कार्ड धारकों को राशन सामग्री पाना टेढ़ी खीर हो गई है। 15 फरवरी से शुरू हुआ राशन सामग्री का कार्य पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक 40 फीसदी लोगों को राशन सामग्री का वितरण नहीं हो सका है। शासन द्वारा घटतौली को रोकने के लिए मशीनों की व्यवस्था की गई थी, जो कार्डधारकों के लिए मुसीबत बन गई है।

# सुनीत कुमार अध्यक्ष जयतेंद्र सेन बने मंत्री

**महोबा।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पनवाड़ी के निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार शुक्ला व पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुशवाहा की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें संघ के पनवाड़ी ब्लाक अध्यक्ष के रूप में सुनीत कुमार कौशिक को सर्वसम्मति से चुना गया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पनवाड़ी का जयतेंद्र सेन को मंत्री, सुम्मीलाल को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौक पर राजीव कुमार तिवारी, ओमप्रकाश दीक्षित, विदेश पाठक, दीपक कौशिक, बालकृष्ण, जितेंद्र मिश्रा, केशव द्विवेदी, धर्मेश, ओमप्रकाश पाठक, सुनील, राजेश आदि रहे।

# स्पीड ब्रेकर रंगने में लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के चैराहों पर बने डिवाइडरों पर सफेद रंग कराए जाने के लिए बैरीकेडिंग लगाकर चैराहों को वनवे कर देने से फूल्ड हाउस कालोनी के पास आधा घंटे तक जाम लगा रहा। आधा सैकड़ा से ज्यादा ट्रक, बसें, चार पहिया वाहन व स्कूली बसें जाम में फंस गई, जिससे स्कूली बच्चों व इस रूट पर आने जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। पुलिस की मदद से धीरे धीरे वाहन को निकालकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई गई ।

कानपुर सागर हाईवे में चैराहों और तिराहों के पास ब्रेकर तो बना दिए गए, लेकिन उनमें सफेद पेंट न कराए जाने से ब्रेकर नजर नहीं आते थे, इससे अक्सर दो पहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिरकर चुटहिल हो जाते थे, जबकि चार पहिया वाहन चालकों का भी संतुलन बिगड़ जाता था, इससे किसी भी तरह की दुर्घटना को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के आसपास के हाईवे के चैराहों पर बने स्पीड ब्रेकरों में कलर करने के लिए हाईवे के एक तरफ बैरीकेडिंग लगाकर सफेद कलर की पुताई शुरू कर दी गई ।


जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

- ट्रक, स्कूली बसें और चार पहिया वाहन जाम में फंसने से यात्रियों को हुई असुविधा

सोमवार को दोपहर करीब दो बजे स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बसें भी हाईवे से बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने के लिए निकल पड़ी, वहीं हाईवे में ट्रक, डंपर व अन्य मार्गों पर आने जाने वाली बसें और चार पहिया वाहनों की संख्या बढ़ जाने से फूल्ड हाउस कालोनी चौराहे के पास जाम लग गया, जिससे तमाम वाहन जाम में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यवस्थाएं कराकर धीरे धीरे वाहनों को निकालना शुरू किया।

# जालौन देवी मंदिर के पास गोली मारकर लूटे जेवर

## औरैया की तरफ से आये बदमाश उसी दिशा की तरफ भागे

संवाददाता, कुठौंद

**अमृत विचार।** औरैया- जालौन सीमा के पुल पर रविवार देर शाम जालौन देवी मंदिर के समीप बदमाशों ने गोली मारकर दंपती से लूटपाट की। गोली युवक के कंधे में लगी जब वह गिर गया तो बदमाशों ने उसकी पत्नी को तमंचे की नोक पर डरा धमका कर जेवर लूट लिए। बदमाश औरैया की तरफ से आए थे और औरैया की ओर ही भाग निकले। जबकि घायल युवक को पीएचसी कुठौंद लाया गया। युवक की हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फिलहाल जालौन पुलिस ने घटना की जानकारी औरैया पुलिस को देकर जांच शुरू की है।

रविवार रात बड़ी ऊमरी थाना रामपुरा निवासी सोनू और उसकी पत्नी झलक धनूपुरा थाना अयाना औरैया में हल्दी रस्म में शामिल होकर लौट रहे थे। जब औरैया जालौन सीमा पर जालौन देवी मंदिर से नीचे यमुना नदी के पास पहुंचे तभी बाइक सवार दो युवकों ने तमंचे के बल पर उन्हें रोक लिया। एक युवक ने तमंचा दिखाकर बाइक की चाबी छीन ली। तमंचा दिखा झलक से जेवर अंगूठी, कमरपेटी, चेन, मोबाइल व रुपये निकाल लिए। लूट के बाद बदमाशों ने सोनू पर फायर झोंक दिया और औरैया की ओर भाग गए। गोली सोनू के कंधे पर लगी। इससे वह गिर गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर मदद लेकर महिला अपने पति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले आई। इसके बाद सूचना पर थाना कुठौंद पुलिस पहुंच गई। घायल युवक की गंभीर हालत को देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रिफर कर दिया। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।


घायल सोनू। अमृत विचार


पीड़ित झलक। अमृत विचार

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार हुआ चोर

संवाददाता, माधौगढ़

**अमृत विचार।** कस्बा में तीन दिन पहले हुई चोरी का खुलासा माधौगढ़ पुलिस ने कर दिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया गया है।

दो दिन पहले नगर के सुरेंद्र सिंह कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाह निवासी मालवीय नगर के यहां चोरी हो गई थी। जिसमें दो बैग,साड़ी, लेडिस जैकेट,बिछिया व नगदी आदि चोरी कर ली गई थी। जिसकी शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना नगर इंचार्ज एसआई शैलेंद्र सिंह द्वारा की जा रही थी। घटना में महेंद्र प्रताप सिंह कुशवाहा पुत्र बृजेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला विजयनगर का नाम संदिग्ध रूप से प्रकाश में आया था। जिस पर घेराबंदी कर उसको पकड़ लिया गया तो उसने चोरी की घटना को कबूल कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी किया हुआ पूरा सामान भी बरामद कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी एसके वाजपेई ने घटना का विवरण साझा किया। इंस्पेक्टर रजनेश कुमार सिंह ने कहा है आरोपी के खिलाफ मुकदमा के आधार पर कार्रवाई की जा रही।


घटना की जानकारी देते क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

# विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**माधौगढ़।** विकास खंड रामपुरा के सभागार में माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान , ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विकास कार्यों पर चर्चा हुई।

ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने क्षेत्र की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पूर्ण समर्पण, निष्ठा और विकसित रामपुरा संकल्प की भावना के साथ कार्य किया जाएगा।

विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह पतराही,खण्ड विकास अधिकारी गणेश कुमार वर्मा, नौशाद अली, सचिव राममोहन फौजी अभिनव पाठक, मुकेश सविता, प्रधान प्रतिनिधि भानु प्रताप दोहरे, नरौल, भानु प्रताप कस्बा, विकाश सिंह, रविन्द्र सिंह, अवनीश यागिक, सुरेन्द्र राठौर, नरपतसिंह फौजी, संतोष प्रजापति, राहुल सिंह भिटौरा, निक्की सिंह, सचिन सिंह यादव, सतेन्द्र सिंह उर्फ बबलू डिकौली, सुभाष पाल अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


ज्ञापन देते भाकपा माले के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**उरई (जालौन)।** कामरेड मनोज मंजिल की रिहाई की मांग को लेकर भाकपा माले नेताओं ने कामरेड रामसिंह चौधरी और राजीव कुशवाहा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रर्दशन किया। साथ ही भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कामरेड राजीव कुशवाहा और रामसिंह चौधरी ने कहा कि सीपीआईएमएल विधायक मनोज मंजिल गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले नेता हैं। उनको भाजपा के इशारे पर फर्जी तरीके से मुकदमा लगाकर गिरफ्तार किया गया है। उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। भाकपा नेताओं ने सरकार से मांग उठाई कि उनके ऊपर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। देवरिया जिले के ग्राम बलुअन में सामंती वर्चस्व के खिलाफ जनता के प्रतिरोध संघर्ष में दो व्यक्तियों की शहादत हुई थी। इसमें दबंगों की गोली से एक महिला व बच्चे की जान गयी थी। भाकपा माले के प्रदेश सदस्य रामकिशोर वर्मा बुरी तरह से घायल हो गये थे। मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। भाकपा माले नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र सरकार से न्याय की मांग की। इस मौके पर प्रमुख रूप से लखन लाल, मुन्ना, सुरेशचंद्र, हरीशंकर, मुकेश मौर्य, रमेशचंद्र, रूबी, रश्मि सहित अन्य भाकपा माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।


छात्रों ने लगाया वसूली का आरोप। अमृत विचार

### वसूली के आरोप में सड़क पर उतरे छात्र

**उरई (जालौन)।** लल्ला सिंह महाविद्यालय बरहा कोंच रोड उरई के छात्रों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कालेज के शिक्षकों पर फीस के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया और जांच कराकर कार्यवाही की मांग की। कालेज छात्र अभय, मानवेन्द्र पाल, दीपक कुमार, विवेक आनंद, उमेश कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य छात्रों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए बताया कि लल्ला सिंह महाविद्यालय बरहा कोंच रोड उरई के छात्र हैं। उनसे अतिरिक्त फीस मांगी जा रही है। स्मार्टफोन दिये जाने के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है। छात्रों ने बताया कि कालेज में मौजूद शिक्षक कृष्णकुमार, रिषभ, अभिलाख द्वारा अतिरिक्त फीस के रूप में 15 सौ से लेकर 2 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि स्मार्ट फोन अगर लेना है, तो उसके लिए 200 रुपये तथा फार्म फीस के नाम पर मांगे जा रहे हैं। छात्रों ने बताया कि पिछली बार 200 रुपये स्मार्ट फोन दिये जाने के बाद ले लिये थे, इस साल भी यही सब किया जा रहा है। हम लोगों ने रुपया देने से मना किया तो हम लोगों मार्कशीट रोकने एवं फेल करने की धमकी दी जा रही है। छात्रों ने विद्यालय तंत्र के ऊपर कार्यवाही की मांग जिलाधिकारी से की है। ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# माधौगढ़ नगर पंचायत का विस्तार करें

संवाददाता, माधौगढ़

**अमृत विचार।** नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए बैठक हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला योजना समिति के सदस्य अरविंद सिंह सेंगर उर्फ ध्रुव सिंह सेंगर ने कैम्प कार्यालय के सभागार में सभासद रमाकांत राठौर सभासद अंकुर कुमार सभासद साधना देवी सभासद के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह शाक्यवार के साथ बैठक की। इसमें नगर पंचायत की सीमा विस्तार को लेकर चर्चा हुई।

नगर पंचायत की स्थापना 1941 में हुई तब से अब तक किसी भी तरह की सीमा विस्तार के लिए किसी ने जहमत नहीं उठाई।

सदस्यों ने कहा कि निश्चित रूप से यह बड़ी समस्या है। सभासदों ने बताया कि हमारे बोर्ड ने नगर की सीमा विस्तार के लिए बोर्ड बैठक कर मानचित्र तय कर लिया है। अब शासन से स्वीकृति की आवश्यकता है।

इस कार्य के लिए हमारा नगर पंचायत बोर्ड अध्यक्ष राघवेन्द्र व्यास सहित रात-दिन लगे हुए हैं। हम लोगों को किसी भी हद तक जाना पड़े हम हर हद तक जाएंगे और नगर पंचायत के विस्तार को पारित कराने के बाद विकास की एक अनोखी लकीर खीचेंगे।

# बीडीसी सदस्यों ने मांगा शस्त्र लाइसेंस

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** बीडीसी स्वाभिमान संघ के तत्वावधान में दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शस्त्र लाइसेंस बनाने की मांग कि और कहा कि विकास कार्य के लिए उन्हें भी 20 लाख रुपये तक का फंड दिया जाए।

संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने सिटी मजिस्ट्रेट से कहा कि विकास निधि से सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रति वर्ष क्षेत्र के विकास के लिए 20 लाख रुपये के निर्माण का कार्य कराने का अधिकार दिया जाए। ग्राम पंचायत प्रधानों की तरह ही सात हजार रुपये मानदेय प्रतिमाह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी दिया जाए। अन्य जनप्रतिनिधियों की भांति कार्यालय- मिनी सचिवालय, ग्राम पंचायत भवन में एक कार्यालय जनता से संवाद के लिए दिया जाये तथा स्वयं व परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता पर दिया जाये। इसके साथ ही बीडीसी संघ ने अपनी दस सूत्रीय मागों को ज्ञापन में शामिल किया है। सहायता कोष सेवायत सदस्यों की आपदा के समय सहायता के लिए आपदा सहायता कोष बनाया जाये।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते बीडीसी सदस्य। अमृत विचार

**शासनादेश जो अभी तक जारी हुए हैं उनको तत्काल लागू कराया जाये**

क्षेत्र पंचायतों की निधि बढ़ायी जाये व ग्राम निधि का 30 प्रतिशत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया जाये। विकास कार्यों में 40 प्रतिशत भागीदारी क्षेत्र पंचायत की भी सुनिश्चित किया जाए। अमृत सरोवर-जैसे विकास कार्य के लिए अलग से निधि उपलब्ध करायी जाये। पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए। 65 वर्ष की उम्र तक सेवा प्रदान करने वाले व्यक्ति को 10 सेवा करने के पश्चात उसको व उसके परिवार को जीविकोपार्जन की व्यवस्था सरकारें करती हैं व उसी मानवीय दृष्टिकोण के सापेक्ष हम बीडीसी सदस्यों के लिए सरकारें क्यों नहीं सोचतीं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का 25 को करें स्वागत: जिलाध्यक्ष

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व परशुराम सेना नगर इकाई कालपी की एक बैठक बुन्देलखण्ड गार्डन में सम्पन्न हुई। इसमें 25 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी के शहर आगमन पर स्वागत की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही परशुराम सेना की नई कार्यकारणी गठित की गयी। बुन्देलखंड गार्डन में नरेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण संगठन नगर में मजबूती से काम कर रहा है तथा 25 फरवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी शिद्दत से जुट जाना है। जिलाध्यक्ष राजू पाठक ने कहा कि पूरी ऊर्जा के साथ 25 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कालपी से लेकर उरई तक होगा। ज्यादा से ज्यादा लोग उरई सिटी सेन्टर में पहुंचें। परशुराम सेना अध्यक्ष विवेक तिवारी द्वारा नई कार्यकारणी गठित की गई। बैठक को आशुतोष मिश्रा,राम कुमार तिवारी,आरएन शुक्ला,हरिश्चंद्र दीक्षित ने सम्बोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉक्टर बृज गोपाल द्विवेदी,शिवदत्त मोनस,संदीप चंसौलिया,राहुल द्विवेदी, गंगा प्रसाद,कृष्ण कुमार अग्निहोत्री,प्रेम नारायण पाठक,विजय तिवारी,आदेश कुमार तिवारी,पिंटू पांडेय,अतुल शुक्ला,आदित्य पंडित, गोविन्द तिवारी,राजा बाबू शुक्ला,गोलू पंडित,उज्जवल ,राहुल त्रिपाठी,शाश्वत मिश्रा चिराग द्विवेदी उत्कर्ष द्विवेदी ऋषभ द्विवेदी नयन तिवारी बच्चन हर्षित द्विवेदी वेदांश तिवारी शरद शुक्ला हर्षित त्रिपाठी राकेश तिवारी प्रदीप द्विवेदी पंकज द्विवेदी दीपक गोस्वामी राम लखन द्विवेदी विनोद कुमार पाठक राजकुमार मुकेश कुमार दीक्षित रिंकू शुक्ला उमेश पाठक मोहन शुक्ला रोहिणी शर्मा छोटू तिवारी अवधेश बाजपेई रामदास तिवारी आदि बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।



अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

# नाम स्मरण से प्रसन्न हो जाते हैं शिव

**कुठौन्द (जालौन)।** कस्बा कुठौन्द स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास त्रिमूर्ति जयंती के पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सत्संग का आयोजन किया गया। बहन मीना दीदी ने कहा कि भगवान शिव ही एकमात्र ऐसे देव हैं जो आसान और सरल ईश्वर हैं जो नाम स्मरण करते ही खुश हो जाते हैं। उन्होंने शिव महिमा का बखान किया। इस अवसर पर बहन सरिता , बृजभान ने भगवान शंकर की गाथाओं का बखान किया। कार्यक्रम में मनीषा, निधि , रंजना , पूर्व कैप्टन त्रिपाल सिंह ,सूर्य नारायण ,रामदास भाई, उमा दीक्षित, सुनीता मिश्रा ,मालती गुप्ता ,राकेश अग्रवाल ,कंचन ,श्याम कुवर ,द्रौपदी ,अर्चना ,रचना ,निधि, सीमा, स्नेहा , सुरेंद्र फौजी भाजपा नेता ,बृजेश पहलवान ,राकेश, कैप्टन रामकुमार रहे।

# कुठौंद ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध आएगा अविश्वास प्रस्ताव

संवाददाता, कुठौंद

**अमृत विचार।** विकासखंड कुठौंद के सभागार कक्ष में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खुली बैठक हुई। इसका ज्यादातर सदस्यों ने बहिष्कार किया। 55 बीडीसी सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए डीएम को शपथ पत्र दिया है। ऐसे में जल्द ही अविश्वास प्रस्ताव आ सकता है। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी ने की। गिने चुने क्षेत्र पंचायत सदस्य ही शामिल हुए। जबकि इस बैठक में ग्राम प्रधानों की संख्या काफी रही। ब्लॉक प्रमुख द्वारा यह बैठक विरोधी बीडीसी सदस्यों को अपने पाले में लाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी लेकिन अधिकांश पंचायत सदस्यों द्वारा बैठक का बहिष्कार किया गया।

जयपाल सिंह राजावत ने बताया की जिलाधिकारी के कार्यालय में 55 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पत्र दिया है। ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी पर अविश्वास जताया गया है। ब्लाक प्रमुख इस समय अल्पमत में हैं और हम बहुमत में हैं । हमारी याचिका कोर्ट ने मंजूर कर ली है। तीनों लेटर आदेश सहित खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह को भेज दिया गया है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन रहे।


क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते सदस्य। अमृत विचार

# यात्रा के स्वागत को बरसे पुष्प

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जालौन नगर में मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली भव्य कलश एवं चुनरी यात्रा निकाली गई। 151 मीटर लंबी चुनरी तथा कलश लेकर चल रही महिलाओं पर लोगों ने फूलों की वर्षा की। चुनरी यात्रा में जनसमूह उमड़ पड़ा। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कामांक्षा देवी मंदिर पहाड़पुरा पहुंची जहां पर उसका समापन किया गया।

प्रथम गुप्त नवरात्रि के मौके पर नगर में 6 वर्ष से चुनरी व कलश यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को नवरात्रि के समापन के बाद नगर में 151 मीटर लम्बी चुनरी तथा 301 कलश यात्रा निकाली गयी है। धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिखा। बड़ी माता मंदिर से शुरू हुई चुनरी व कलश यात्रा में सम्मलित होने के लिये बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्त पहुंच गये। डीजे में बज रहे देवी गीतों की ध्वनि पर बज रहे गीतों पर भक्त थिरकते हुए और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बड़ी माता, छोटी माता, काली माता मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग कोतवाली के सामने से होकर यात्रा कामांक्षा माता मंदिर पहाड़पुरा पहुंची।

151 मीटर लम्बी चुनरी जिस मार्ग से निकली उसी मार्ग पर यातायात बंद हो गया तथा लोग मां के जयकारे लगाने लगे। युवाओं की नयी पहल को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैलाब देखने को मिला। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल , पुष्पेंद्र यादव, श्यामजी गुप्ता, अनिल खकसीस, दीपक गुबरेले, पुष्पेंद्र सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह कुशवाहा, दीपक पाटकार, राजू छोले, महेंद्र पाटकार मृदुल,दिनेश सोनी पहाड़पुर, संजीव द्विवेदी अकोढ़ी दुबे, रामकुमार बाथम, आशीष लाक्षाकार ,डॉ. आलोक गुर्जर, विपुल दीक्षित, अखिलेश लाक्षाकार, मोंटू मिश्रा, सत्यम राठौर, विजय वर्मा, धारा रागिनी नगायच, विकास, सरिता प्रजापति, मंजू , संगीत, कविता, रंजना, प्रवीना, नम्रता, संगीता, ममता, अनीता रहीं।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

आक्रोश

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

# खाता फ्रीज होने के विरोध में आयकर कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का बैंक खाता फ्रीज करने के विरोध में सोमवार को चुर्खी रोड स्थित आयकर विभाग के कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार के विरुद्ध उन्होंने जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी से घबराकर ही केंद्र सरकार ने खाते सीज कराए हैं। कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. रेहान सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आयकर विभाग के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार द्वारा बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज किया गया। सरकार का यह कृत्य असंवैधानिक है और यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार कांग्रेस से डरी हुई है। केंद्र सरकार ने खाता फ्रीज करने का कदम लोकसभा आम चुनावों से ठीक पहले उठाया है, जिससे हमारी लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल हैं, यह न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर हमला है, बल्कि हमारे महान लोकतान्त्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। सरकारी मशीनरी का मनमाने ढंग से उपयोग कर प्रमुख विपक्षी दल के कामकाज में बाधा डालना सत्ता के नशे में मदमस्त होने का प्रमाण है। इस सरकार की प्रतिशोध की भावना के कारण ही विपक्षी दलों को परेशान किया जा रहा है। इस सरकार की हरकतें न केवल हमें समान अवसर देने से वंचित करती हैं बल्कि उसका यह कृत्य उन लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी कुठाराघात है जिस पर हमारा महान राष्ट्र खड़ा है। इस अन्यायपूर्ण निर्णय के सामने हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। इसका मुकाबला कांग्रेस मजबूती और दृढ़ संकल्पता और अटूट भावना के साथ करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसजन इस अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर शैलेन्द्र व्यास, पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. श्याम सुन्दर, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक द्विवेदी, सिद्धार्थ दिवोलिया, राजकुमार वर्मा पिपरायां, मैराज सिद्दीकी रहे।



आयकर विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

